**संख्या-2/2600/71-2-14-के0जी0डी0-02/2004**

**प्रेषक,**

**ऋषिकेश दुबे**
**अनु सचिव**
**उ0प्र0 शासन।**

**सेवा में,**

**कुलसचिव**
**किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,**
**लखनऊ।**

**चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2** **लखनऊ: दिनांक 11 नवम्बर, 2014**

**विषय: किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के दन्त संकाय हेतु सृजित अस्थायी पदों की निरन्तरता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-9905/ई/2014, दिनांक 23-7-2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के दन्त संकाय हेतु शासनादेश संख्या-3168/71-2-04-के0जी0डी0-02/2004 दिनांक 29-12-2004 द्वारा सृजित 281 पदों में से 03 पद (कुलपति, कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी) को छोडकर शेष 278 अस्थायी पदों की अन्तिम बार निरन्तरता शासनादेश संख्या-730/71-2-13-के0जी0डी0-02/2004, दिनांक 22-5-2013 द्वारा दिनांक 28-02-2014 तक प्रदान की गयी थी, के क्रम में उक्त पदों की निरन्तरता वर्ष 2014-15 (दिनांक 28-02-2015) तक प्रदान किये जाने की सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते है कि उक्त पदों को इससे पूर्व ही बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाये।

2- उक्त पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोकस्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0366-किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश-31-सहायता अनुदान सामान्य (वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

**भवदीय,**

**(ऋषिकेश दुबे)**
**अनु सचिव।**

**संख्या-2/2600/71-2-14-तद्दिनांक-**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-3 /नियोजन अनुभाग-4/वित्त (बजट) अनुभाग-1/2
6. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7. गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**(ऋषिकेश दुबे)**
**अनु सचिव।**

http://shasanadesh.up.nic.in